वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 174 शनिवार 21 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## कुपोषण से सुरक्षा : 30 अक्टूबर से शुरू होगा अभियान

### 5 साल तक के 78 लाख बच्चों को पिलाएंगे विटामिन-ए की खुराक




**जयपुर. कासं।** कुपोषण एवं अन्य बीमारियों से बचाने के लिए 9 माह से लेकर 5 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए विटामिन-ए की खुराक का अभियान चलाया जाएगा। साल में यह खुराक दो बार पिलाई जाती है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला और बाल विकास विभाग की ओर से संचालित अभियान 30 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगा। निदेशक के अनुसार अभियान के तहत 78 लाख 45 हजार 550 बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। विटामिन-ए की बोतल खोलने से पूर्व दिनांक लिखें। खोलने के बाद 28 दिन के भीतर ही इस्तेमाल होनी चाहिए। विटामिन ए की खुराक देने के लिए अलग-अलग उम्र के बच्चों में अलग-अलग मात्रा तय है। अभियान के दौरान 9 माह से एक साल तक के बच्चों को 1 एमएल, एक साल से ऊपर 5 साल तक उम्र के बच्चों को 2 एमएल दवा का डोज देंगे। विटामिन-ए हर छह माह के अंतराल पर दी जाती है।

## 7 दिन से सिविल लाइंस फाटक बंद

### यहां से रोज 20 हजार वाहन निकलते हैं, अब 2 किमी का लंबा चक्कर लगा रहे

**जयपुर. कासं**

जैकब रोड से जमनालाल बजाज मार्ग को जोड़ने वाले सिविल लाइंस आरओबी प्रोजेक्ट में फाटक बंद करने को लेकर रेलवे और जेडीए के बीच विवाद सामने आया है। दरअसल जेडीए द्वारा यहां काम करने के लिए सिविल लाइंस फाटक को एक सप्ताह पहले बंद कर दिया गया है, लेकिन रेलवे का कहना है कि उसे कोई जानकारी नहीं है। जबकि जेडीए का कहना है कि रेलवे को सूचित किया था। दोनों विभागों की इस लड़ाई में जैकब रोड से जमनालाल बजाज मार्ग आने-जाने वाले वाहनों को 2 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### दुपहिया और चौपहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत

सिविल लाइंस फाटक से जयपुर-दिल्ली, जयपुर-सवाई माधोपुर की ट्रेनें गुजरती हैं। इसके अलावा जयपुर जंक्शन के नजदीक इस फाटक के आगे रेलवे की स्पेयर लाइनें भी बिछी हैं, जहां ट्रेनों की पार्किंग में उपयोग आती है। फाटक से रोज करीब 85 से अधिक पैसेंजर और गुड्स ट्रेन गुजरती हैं। यहां से रोज 20 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। दरअसल, रेलवे के कॉमर्शियल विभाग ने विज्ञापन एजेंसी से फाटक के पास रेलवे जमीन पर लगे विज्ञापन बोर्ड की फीस मांगी। एजेंसी ने ये कहते हुए फीस देने से मना कर दिया कि फाटक पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है, ऐसे में उसके द्वारा लगाया गया विज्ञापन किसी को दिख ही नहीं रहा तो इसकी



फीस नहीं देंगे। तब जाकर रेलवे हरकत में आया।

### सीआरएस मंजूरी के बाद स्थाई रूप से बंद होगा फाटक

जेडीए द्वारा जिला कलेक्टर को फाटक स्थाई रूप से बंद करने के लिए कहा है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा रेलवे को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा जाएगा। जिसके बाद अगर मुख्य संरक्षा आयुक्त (सीआरएस/वेस्टर्न सर्किल) द्वारा फाटक को बंद करने की अनुमति दे दी जाती है तो आरओबी बनने के बाद सिविल लाइंस फाटक को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा। रेलवे द्वारा ट्रेनों का संचालन निर्बाध रूप से किया जा रहा है। वहीं रोड ट्रैफिक की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस को सूचना दी गई है। रेलवे को भी पूर्व में सूचना दे दी गई थी। उधर ट्रेनों के संचालन के चलते जेसीबी मशीन काम नहीं कर पा रही है। **-अनुपमा शर्मा, एक्सईएन, आरओबी प्रोजेक्ट, जेडीए**

## एसएमएस में रोबोट से हाइडैटिड गांठ का ऑपरेशन

### लिवर पर बनी सिस्ट को रोबोटिक सर्जरी से निकाला; मरीज एक महीने से थी पेट दर्द से परेशान

**जयपुर. कासं**

जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में पहली बार रोबोट से लिवर में बनी हाइडैटिड सिस्ट (गांठ) का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज करीब एक महीने से पेटदर्द से परेशान थी, जब वह एसएमएस की ओपीडी में दिखाने आई तो उसकी जांच में हाइडैटिड सिस्ट मिली। सिस्ट लिवर की ऐसी जगह पर थी, जिसे सामान्य या लेपोस्क्रोपी के जरिए ऑपरेट करना बहुत मुश्किल था। इस कारण इसे रोबोटिक मशीन के जरिए ऑपरेट करने का निर्णय किया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुमिता ए. जैन ने बताया कि मरीज पिछले एक महीने से पेट दर्द से परेशान थी और दो-तीन जगह दिखाने और दवाइयां लेने के बाद सही



नहीं हुई। कुछ दिन पहले मरीज ने जब एसएमएस में दिखाया तो उसकी जांच की गई। जांच में दिखा की मरीज के लिवर में इकाइनोकोकस नाम जीवाणु के इंफेक्शन से सिस्ट बन गई है, जिसे हाइडैटिड सिस्ट कहते है। ये सिस्ट लिवर में ऐसी जगह पर थी, जिसे सामान्य सर्जरी से बाहर निकालना आसान नहीं था। लेपोस्क्रोपी से भी सर्जरी करने से कई तरह की कठिनाईयां आने की संभावना थी। इसके बाद हमने मरीज की रोबोटिक मशीन से सर्जरी करने का निर्णय किया। रोबोट के जरिए हमने सबसे पहले सिस्ट के अंदर का सारा इंफेक्टेड फ्ल्यूड को बाहर निकाला। इसके बाद सिस्ट के अंदर मौजूद पैरासाइट को मारने के लिए सेवलोन सॉल्यूशन डाला गया। इसके बाद सिस्ट को डिरूफिंग कर दी गई। इस तरह पूरे ऑपरेशन के दौरान करीब डेढ़ से 2 घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि मरीज ऑपरेशन के बाद पूरी तरह ठीक है उसे छुट्टी दे दी। डॉक्टर जैन ने बताया कि लिवर में इस तरह की सिस्ट को रोबोटिक मशीन के जरिए सर्जरी करके हटाने का ये राज्य में पहला केस है।

# चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा निकाली शहर के प्रमुख मार्गों से

## जनता ने किया चक्रवर्ती का सत्कार: सम्पदा मेरी तो मेरी है तेरी भी मेरी है इस सम्पदा के कारण भाई भाई का दुश्मन बना: आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद व आचार्य श्रीआर्जवसागर जी महाराज ससंघ केसान्निध्य में प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया शुयस एवं मुकेश भइया के मार्गदर्शन में चल रहे श्री चौबीस समवशरण विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में आज चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। जहां भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा का स्थान स्थान पर भव्य सत्कार किया। इसमें विधायक नपा अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि समलित हुए इसके पहले आज चौबीस समवशरण महा मंडल विधान में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा के साथ चौंसठ रिद्धि विधान के अर्घ समर्पित किया गया। प्रथम महापूजन का सौभाग्य धर्मेन्द्र कुमार रोकड़िया , द्वितीय सौधर्म इन्द्र जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद, वहीं तृतीय महा पूजा कुबेर इन्द्र सतीश राजपुर चतुर्थ महा अर्घ महायज्ञ नायक संजीव कुमार श्रागर वहीं पंचम वलय पूजन बहुवलि मनोज कुमार रन्नौद, मुख्य समवशरण में महापूजा करते हुए अर्घ को समर्पित प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया शुयस मुकेश भइया दारा मंत्रोचार के साथ किया गया। इस दौरान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की महापूजन शैलेन्द्रश्रागर ने आचार्य श्रीआर्जव सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में सम्पन्न कराई।

### हम अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करना सीखें

इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज ने कहा कि हम अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करना सीखे दुनिया में विवाद जब भी होते हैं दुसरे के अधिकार क्षेत्र घुसने पर ही द्वंद होता है और जब यही द्वंद दो देशों में होने लगे तो युद्ध में बदल जाता है रिषभ देव ने भरत बहुवलि को अलग अलग राज्य दिये लेकिन जब भरत चक्रवर्ती ने बहुबलि को अपनी अधीनता स्वीकार करने को कहा तो उनके इनकार करने पर युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई युद्ध में महा विनाश ही होता है। सदियों से युद्ध टालने वाले होते रहे हैं हिंसा को दुनिया में कोई स्थान नहीं है सब शान्ति चाहते हैं लेकिन फिर भी युद्ध होते हैं तो अहंकार के कारण ही होते हैं।

# अ.भा.जैन पत्र संपादक संघ की संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

**गुवाहाटी. शाबाश इंडिया**

अ.भा.जैन पत्र संपादक संघ का पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं संगोष्ठी वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री प्रमुख सागर जी मुनिराज के ससंघ सान्निध्य में सानंद सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन एडवोकेट ने की। देश के विभिन्न भागों से पधारे कार्यकताओं का आचार्य श्री प्रमुख सागर जी की उपस्थिति में गुवाहाटी जैन समाज द्वारा सम्मान किया गया। 11 अक्टूबर को प्रसिद्ध वैज्ञानिक इसरो के राजमल जैन का विशेष व्याख्यान हुआ। 12 अक्टूबर को ''जैन तीर्थ दशा और दिशा'' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का संचालन संगठन के महामंत्री डा.अखिल बंसल ने किया। 13 अक्टूबर को राज्यसभा सांसद धर्मस्थल के धर्माधिकारी डा.वीरेन्द्र हेगड़े के कर कमलों से समन्वय वाणी,जय कल्याण श्री तथा सत्यार्थी मीडिया के आ.प्रमुख सागर विशेषांकों के विमोचन किये गये। अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन द्वारा प्रकाशित आचार्य श्री का रंगीन एल्बम भी डा.वीरेन्द्र हेगड़े द्वारा विमोचन कर आचार्य श्री को भेंट किया गया। सायंकाल आचार्य श्री का 23 वां दीक्षा दिवस मनाया गया जिसमें प्रमुख आगंतुकों ने अपनी विनयांजलि प्रस्तुत की। 14 व 15 अक्टूबर को संपादक संघ के सभी सदस्यों ने गुवाहाटी, शिलांग, चेरापूंजी का भ्रमण व सूर्य पहाड़ तथा आसपास के जिनालयों के भक्तिभाव से दर्शन किये। सभी को आचार्य श्री ने आशीर्वाद देकर विदा किया।






श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव- 2023

# क्रिएटीविटी व रंगारंग कार्यक्रमों से खिल उठा अग्रवाल महिला सम्मेलन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री अग्रवाल समाज समिति के बैनर तले मनाए जा रहे श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव- 2023 के तहत अग्रवाल महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में करीब 550के आसपास प्रतिभागियो ने मेहंदी,रंगोली प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मक हुनर का प्रदर्षन करते हुए आकर्षक पुरस्कार जीते,वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता राजस्थानी लोक नृत्य,लघु नाटिका जैसे कार्यकमों के माध्यम से कार्यक्रम को रोचकता प्रदान की। श्री अग्रवाल महिला मंडल की महामंत्री शैफाली जैन ने बताया कि इस मौके पर कार्यक्रमों की विधिवत शुरूआत समारोह अध्यक्ष बीकाजी फूड्स इंटरनेश नल के लिमिटेड की डायरेक्टर श्रीमती श्वेता अग्रवाल,मुख्य अतिथि एकता अग्रवाल, विशि अतिथि समाजसेवी अलका सराफ,श्रीमती गोविन्दी देवी भाड़ेवाला,निधि गोयल व श्री अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष फतेहपुरिया ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित कर की।इससे पूर्व सुबह समाज की युवतियों व महिलाओं, के लिए मेंहंदी लगाना,बीड़ृस फैसी ज्वैलरी मैकिंग,आंगन साज-सज्जा,रेजिन आर्ट सहित कई रोचक प्रतिभाागिताओं हुई,जिनमें प्रतिभागियों ने आकर्षक पुरस्कार जीते।दूसरे सेषन में डेज्स प्रतियोगिता राजस्थानी लोक नृत्य,लघु नाटिका,मिमिक्री,स्टेंड अप कॉमेडी सहित कई कार्यक्रमों से महिला सम्मेलन खिल उठा। अंत में अतिथियों ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।इस मौके पर श्री अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाष भाडेवाला,मुख्य संयोजक व प्रभारी उपाध्यक्ष पवन गोयल,मुख्य समन्वयक अषोक गर्ग,प्रभारी उपाध्यक्ष ओम प्रकाष ईटोंवाला,सीए सुमित अग्रवाल सहित काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। **प्रतिभा सम्मान व समापन समारोह आजः** प्रभारी उपाध्यक्ष ओम प्रकाष ईंटोवाला व संयोजक रमेष बजाज ने बताया कि महोत्सव का समापन शनिवार को शाम 6.15 बजे अग्रवाल कॉलेज प्रांगण में होगा।

# मोक्ष प्राप्ति का साधन है, धर्म : महासती धर्मप्रभा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। मोक्ष प्राप्ति का साधन है,धर्म शुक्रवार साहुकारपेट जैन भवन मे महासती धर्म प्रभा ने नवदिवस ओलीजी पर श्रीपाल चारित्र का विवेचन करते हुए सभी श्रध्दांलुओ से कहा कि धर्म की शरण मे जो आता वह भव पार हो जाता है। धर्म की शरण के बिना मनुष्य संसार के दुखों से छुटकारा प्राप्त नहीं कर पाएगा। धर्म ही संसार मे एक ऐसा अकेला मार्ग जिसे जानकर मनुष्य अपनी आत्मा को पहचान सकता है और अपने सम्पूर्ण दुखों को धर्म के माध्यम से जानकर आत्मा पर झमे अशुभ कर्मो के बंधन को धर्म की शरण से तोड़कर आत्मा को मोक्ष दिला सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने प्रभु महावीर की अंतिम देशना श्री उत्ताराध्यय सूत्र के तीसरे अध्याय तइअं अज्झयणं चाउरंगिज्जं का वांचन करतें हुए बताया परमात्मा की वितराग वाणी अमृत के समान है। जो हमारे मन को शांत और आत्मा को शीतलता प्रदान करती है श्रध्दां और विश्वास जो मनुष्य जीनवाणी का श्रवण करता है और धर्म के मार्ग पर चलता वह व्यक्ति ही जीवन शास्वत सुखो को प्राप्त करके अपनी आत्मा को संसार से मुक्ति दिलवा सकता है। साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देतें हुए बताया इसदौरान साध्वी धर्मप्रभा की प्रेरणा से श्री पाश्र्व पद्मावती के एकासन तप करने वाली अस्सी से अधिक बहनों के तप सम्पूर्ण होने साहुकारपेट श्री एस.एस.जैन संघ के अध्यक्ष एम.अजितराज कोठारी मंत्री हस्तीमल खटोड़, शम्भूसिंह कावड़िया,अशोक सिसोदिया, ज्ञानचन्द चौरड़िया, संजय खाबिया, जंवरीलाल कटारिया आदि ने एकासन तप की अनूमोदना करते हुए सभी बहनों का साध्वी मंडल के सानिध्य में सम्मान किया गया।

# धर्म जागृति युवा मंडल ने संत जनों की सानिध्य में किया श्री जी का 400वां महाअभिषेक

**मुरैना /अंबाह. शाबाश इंडिया**

धर्म जागृति युवा मंडल दिल्ली द्वारा 400वाँ अभिषेकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धार्मिक वातावरण में धूमधाम से आचार्य वसुनंदी जी महाराज के शिष्य युगल मुनि शिवानंद जी एवं मुनि श्री प्रश्मानंद जी महाराज के सानिध्य में कम्युनिटी हॉल,उत्तम नगर में आयोजित किया गया जिसमे लगभग 150 से अधिक सदस्यों ने श्री जी का अभिषेक करके पुण्य लाभ लिया। अध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस महाराज जी का भव्य मंगल प्रवेश उत्तम नगर में करवाया गया जिसमें लगभग 400 क्षृद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया। दिव्तीय दिवस शाम को भजन संध्या में सब लीन होकर जयपुर के संगीतकार नरेंद्र कुमार जैन के भजनों पर झूम रहे थे ।सबने खूब ही आनंद लिया इस मौके पर डीजेवाईएम



के सदस्यों को उनके कार्यों एवं कार्यशैली के अनुसार पुरस्कृत किया गया। आयोजन के अंतिम दिवस सुबह जब 150 से अधिक युवा 52 प्रतिमाओं को लेकर शोभा यात्रा में चल रहे थे वो मनमोहक, शानदार दृश्य सबके हृदय में बस गया है ।अभिषेक पश्चात सभी ने नंदीश्वर दीप विधान भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सीए कमलेश जैन (गुरुग्राम), संजय जैन (अध्यक्ष,विश्व जैन संगठन), सुदीप जैन(गुरुग्राम) ने उपस्थिति दे कर युवाओं का उत्साह वर्धक किया। इस पुण्य कार्य मे पालम, नजफगढ़, विकासपुरी, जनकपुरी, द्वारिका, रोहिणी, नोएडा, मयुरविहार, गुरुग्राम, ग्वालियर एवं अनेक स्थानों से भक्त गण मौजूद रहे। आयोजन में कमलेश जैन सीए, सुदीप जैन गुरुग्राम,संजय जैन संजय जैन अध्यक्ष विश्व जैन संगठन ने कहा कि धर्म जागृति युवा मंडल द्वारा समस्त जैन समाज में धर्म वृद्धि हेतु प्राचीन परंपराओं के निर्वाहन का दायित्व निभाना एक उच्च कोटि का धार्मिक कार्य है समस्त ग्रुप द्वारा निरंतर 400 वां श्री जी का अभिषेक कर पुण्य अर्जित करने पर हार्दिक बधाई एवं धर्म लाभ प्राप्ति की शुभकामनाएं हमारे प्राचीन धर्म ग्रंथो के अनुसार अभिषेक एक उत्कृष्ट कोटि का विधान है तीर्थकर भगवान की जल पूजा विघ्न विनाशिनी पूजा कही जाती है। देवों और इन्द्रों के द्वारा मेरु पर्वत पर परमात्मा का जन्म अभिषेक किया जाता हैं देवों ने जैसे भावों से परमात्मा का अभिषेक किया था। अभिषेक विधान करने वाली आत्मा खुद की आत्मा पर लगे कर्मों को धोकर निज स्वरूप को प्राप्त करने वाली बनती है।

## वेद ज्ञान

### कुंठा के पार

योजनाओं को पूरा करने का स्वप्न अपूर्ण रह जाए तब जिस घुटन, बेचैनी या झुंझलाहट का आगाज होता है, वही कुंठा कहलाती है। स्वप्न देखना मनुष्य की जन्मजात प्रकृति है। प्रायः वह अपनी क्षमता और स्थिति का भली-भांति आकलन किए बगैर चंचल मन के वशीभूत होकर विविध आकांक्षाओं अथवा कपोल-कल्पित योजनाओं को पूरा करने का स्वप्न देखता रहता है। जब किसी व्यक्ति के मन में कुछ पाने की तीव्र उत्कंठा हो, परंतु उसे प्राप्त करने की शक्ति अथवा परिस्थिति न हो अथवा प्रारब्ध आदि कारणों से उसकी इच्छा अपूर्ण रह जाए तब मन के भीतर जिस घुटन, बेचैनी या झुंझलाहट का आगाज होता है, वही कुंठा कहलाती है। यह विफलता के कारण मन में उत्पन्न होने वाली घोर निराशा ही है। अधिकांशतः आर्थिक प्रतिस्पर्धा, मान-सम्मान पाने की अत्यधिक लालसा, परीक्षा में असफलता, युवाओं में प्रेम-प्रसंगों की विफलता आदि अस परिस्थितियां हमें कुंठित जीवन जीने के लिए विवश कर देती हैं। शरीर की एड्रीनल ग्रंथियों द्वारा स्रावित एड्रीनलीन हॉर्मोन से तमाम असामान्य लक्षण प्रकट होते हैं। एकांतप्रियता, गुमसुम रहना और नकारात्मक विचारों की प्रधानता व्यक्तित्व को बंधक बना लेती है। अनिद्रा के साथ ही मधुमेह, उच्च रक्त चाप जैसी खतरनाक बीमारियों के सक्रिय होने का खतरा भी बढ़ जाता है। कुंठा की चरमावस्था में आत्महत्या जैसे कुत्सित विचार भी मन को उद्वेलित कर सकते हैं। जीवन प्रकृति की अनुपम भेंट है। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है-तेरा कर्म करने पर ही अधिकार है, उसके फलों पर कभी नहीं। इसलिए लक्ष्य-पूर्ति के लिए किए गए संघर्ष को जीवन की सहज प्रक्रिया मानकर अंगीकार करें और सदैव समझौतावादी दृष्टिकोण अपनाएं। सपनों से नाता न तोड़ें, अन्यथा जीवन नीरस हो जाएगा, परंतु अपनी आकांक्षाओं को सीमित कर क्षमताओं की सीमा का अतिक्रमण कदापि न होने दें। कुंठा जीवन की प्रबल शत्रु है। मनोवैज्ञानिक शोधों से खुलासा हुआ है कि कुंठा से व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और प्रतिभा का ह्रास होता है। इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच रखें और निराशा से बचें। समुचित शारीरिक व्यायाम, पौष्टिक और संतुलित आहार, नियमित व संयमित दिनचर्या और योगाभ्यास को अपनाकर कुंठा से काफी हद तक बचा जा सकता है। साथ ही सैर-सपाटे पर जाएं। प्रकृति के साथ समय बिताएं।

## संपादकीय

# सीमा सड़क संगठन में डॉक्टरों का अभाव

देश के चिकित्सा ढांचे की हालत किसी से छिपी नहीं है। शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चिकित्सकों, नर्सों की भारी कमी एक गंभीर समस्या रही है। छोटे-बड़े लगभग सभी अस्पतालों में साधारण लोग बीमारियों की जांच और इलाज के लिए लंबे इंतजार के अभ्यस्त हो गए हैं। लगातार बढ़ती आबादी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बना दबाव समझ में आता है, लेकिन अगर यही स्थिति सीमा सड़क संगठन यानी बीआरओ जैसे महकमे में भी दिखाई दे, तो मामला संवेदनशील हो जाता है। अफसोस की बात है कि बीआरओ ऐसे ही संकट की स्थिति का सामना कर रहा है। सीमा पर जम्मू-कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में महत्त्वपूर्ण सामरिक सड़कों, सुरंगों और पुलों के निर्माण कार्य में जुटे बीआरओ की चिकित्सा इकाइयों में डाक्टरों की भारी कमी है। सैन्य आधारभूत ढांचा मजबूत करने में लगे संगठन कर्मियों को बीमार या घायल होने पर इलाज के लिए इन्हीं इकाइयों में भर्ती कराया जाता है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीआरओ की एक सौ उनतीस चिकित्सा इकाइयों में केवल तेरह चिकित्सक ही तैनात हैं। यानी एक सौ सोलह पद खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में वहां स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे सैनिकों को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा होगा, यह समझा जा सकता है। सामरिक महत्त्व के संवेदनशील महकमे के तहत चिकित्सा ढांचे की यह स्थिति परेशान करने वाली है। ऐसे समय में यह खासतौर पर ध्यान रखने की जरूरत है जब चीन सीमा पर पिछले तीन साल से तनाव की स्थिति बनी हुई है और भारत सीमावर्ती इलाकों में अपने आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। चीन और पाकिस्तान से लगी अति संवेदनशील सीमा पर मैदानों से लेकर कई हजार फुट की ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में बीआरओ की कई परियोजनाएं युद्ध स्तर पर चल रही हैं। काम के दौरान या प्रतिकूल मौसम में वहां सीमा सड़क संगठन के कर्मियों का घायल या बीमार होना आम बात है। लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण जाहिर है, समय पर जरूरी इलाज मुहैया नहीं हो पाता होगा। मौजूदा स्थितियां बताती हैं कि इसके लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। संघ लोकसेवा आयोग के जरिए होने वाली भर्ती प्रक्रिया का हाल देखकर सरकार के प्रयासों में कमी साफ झलकती है। दूसरे, सैन्य अधिकारी बताते हैं कि चीन और पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों में बीआरओ के साथ तैनाती से कई डाक्टर कतराते हैं। सही है कि पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। देशभर में अस्पतालों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। एमबीबीएस की सीटें लगभग दोगुनी होकर एक लाख हो चुकी हैं। लेकिन इतना सब होने के बावजूद सैन्य क्षेत्र में डाक्टरों की कमी जैसे संवदेनशील मसले पर प्राथमिकता से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा? अगर विभागीय स्तर पर दिक्कतें हैं तो उन्हें हर हाल में दूर किया जाना चाहिए और जटिल भौगोलिक परिस्थितियां, पारिश्रमिक या परिवार से लंबे वक्त के लिए अलगाव जैसे कारणों को आधार बनाकर डाक्टर सीमा पर तैनाती से बचते हैं, तो इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना और इनका हल निकालना होगा।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बहस का मुद्दा...

अनियमितता से संबंधित मामलों में कार्रवाई आमतौर पर उन्हीं लोगों पर केंद्रित रहती है, जो आरोपी होते हैं और माना जाता है कि अवैध गतिविधियों या लेनदेन में उनकी मुख्य भूमिका है। इस संदर्भ में यह एक विडंबना ही रही है कि किसी भ्रष्ट गतिविधि का लाभ तो एक पूरे समूह को मिलता है, लेकिन जब उसका खुलासा होता है तो आरोपों के कठघरे में एक-दो लोग ही आते हैं। अब दिल्ली में शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने जो कहा है, अगर वह कानूनी तौर पर जमीन पर उतरा तो यह इस मसले पर एक बड़े बदलाव का उदाहरण बनेगा। दरअसल, दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआइ और ईडी ने अदालत को बताया कि इस मुकदमे में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने पर विचार किया जा रहा है। आरोपों की प्रकृति के सवाल पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि आरोप अलग हो सकते हैं, लेकिन अपराध एक ही होगा। जाहिर है, अगर भ्रष्टाचार के आरोपों में इस स्तर पर कानूनी कार्यवाही चलती है, तो इस संबंध में एक नया आयाम खुलेगा। यह सवाल उठेगा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी में जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति किसी अनियमितता में मुख्य आरोपी है, लेकिन उसकी गतिविधियों का लाभ पूरी पार्टी को मिले, तो जिम्मेदारी का दायरा क्या होना चाहिए। इसी कोण से अदालत में उठी बात के बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से ताजा रुख जाहिर किया गया। गौरतलब है कि पांच अक्तूबर को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा था कि अगर शराब घोटाले से सीधे आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा, तो फिर उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत के इस सवाल के बाद अब ईडी और सीबीआइ ने एक तरह से इसी सवाल को कार्रवाई के दायरे में शामिल करने का संकेत दिया है। अब तक आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं- मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को आबकारी घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी और सीबीआइ ने गिरफ्तार किया है। इस क्रम में अब मामले की आंच समूची पार्टी तक पहुंचती दिख रही है। हालांकि अगर ईडी और सीबीआइ आम आदमी पार्टी को भी कठघरे में खड़ा करने के लिए कानूनी पहल करती है, तो इससे जुड़े कानून की कसौटी पर यह परखा जा सकता है कि क्या धनशोधन रोकथाम अधिनियम के दायरे में किसी राजनीतिक पार्टी को भी लाया जा सकता है। दरअसल, धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा-70 को अब तक कंपनियों के जरिए किए जाने वाले अपराधों की स्थिति में लागू होता रहा है। मगर यही कानून अगर राजनीतिक दल को आरोपी बनाने में उपयोग होता है, तो संभव है कि इसके लिए अलग से कोई और कानूनी रास्ता अख्तियार करना पड़े। कानूनी पेचीदगियों की वजह से यह मसला बहस का केंद्र बनेगा। यह छिपी बात नहीं है कि भ्रष्टाचार या अनियमितता की लाभार्थी कई बार समूची पार्टी होती है, लेकिन कार्रवाई के दायरे में एक-दो नेता आते हैं। इस तरह किसी व्यापक दायरे का भ्रष्टाचार व्यक्तिगत मामला बन कर रह जाता है। सवाल है कि ऐसे मामलों में पार्टी की जिम्मेदारी क्या होगी? अगर कानूनी कसौटियों पर किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाने का आधार मजबूत हुआ तो आम आदमी पार्टी को शायद गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़े!

# प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में सिद्धार्चना में बह रही भक्ति की बयार

## सिद्धचक्र महामंडल विधान में 32 अर्घ्य समर्पित किए गए

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाबचन्द पुष्प जन्म शताब्दी महोत्सव वर्ष के अंतर्गत 19 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक सिद्धार्चना ब्र. जय कुमार जी निशांत भैया के निर्देशन में भक्ति- श्रद्धा के साथ आयोजित की जा रही है। **शुक्रवार को सिद्धार्चना में प्रातः** बेला में मंगलाष्टक, पात्र शुद्धि के बाद अभिषेक, शांतिधारा की गई। शांतिधारा करने का सौभाग्य नरेंद्र कुमार जैन मैनवार एवं राजकुमार जैन इंदौर ने प्राप्त किया। विधान हेतु अनेकांत महिला मंडल टीकमगढ़ ,कांतिश कुमार जैन सागर एवं नरेंद्र कुमार जैन मैनवार ने द्रव्य समर्पित की। विधि विधान प्रतिष्ठाचार्य विनोद कुमार जैन रजवांस, पं.मनीष जैन संजू टीकमगढ़, पंडित इंद्र कुमार ककरवाहा , पंडित अजित कुमार जैन बड़ागांव एवं दिनेश दिवाकर ने संपन्न कराया। श्री नवागढ़ गुरुकुलम के सभी छात्रों ने आज अभिषेक एवं पूजा का सौभाग्य प्राप्त किया। आज सिद्ध चक्र महामंडल विधान सिद्धार्चना में 32 अर्घ्य के माध्यम से आराधना की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानचंद जैन , इंजीनियर सुरेंद्र कुमार एवं जिनेंद्र कुमार रहे। इंदौर से पंचबालयति जिनालय के ब्र. जिनेश मालैया, ब्रह्मचारी



राजेश भैया एवं ब्रह्मचारिणी बहन शशि दीदी ने आज के विधान में सम्मिलित होकर सभी का गौरव बढ़ाया। महोत्सव के पुण्यार्जक इंजी शिखरचंद जैन, श्रीमती पुष्पा जैन, इंजी. अविनाश जैन, अलका जैन बेंगलुरु, डॉ आलोक जैन-इंजी. विधु जैन रांची हैं। **प्रश्नोत्तरी पुस्तिका का लोकार्पणः** इस विशेष वर्ष 2023-24 में होने वाले आचार्य शांति सागर जी महाराज आचार्य शताब्दी महोत्सव, गणेश प्रसाद जी वर्णी का 150 वी जन्म जयंती एवं पंडित गुलाबचंद जी पुष्प के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में एक प्रश्नोत्तरी का लोकार्पण अतिथियों एवं विद्वानों द्वारा किया गया। पंडित गुलाबचंद जी पुष्प प्रतिष्ठाचार्य के सम्मान में प्रकाशित ग्रंथ पुष्पांजलि के जिज्ञासा समाधान को अलग से प्रकाशित कर लोकार्पण किया गया। विधान पुण्यार्जक परिवार, प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र कमेटी



नवागढ़ एवं नवागढ़ गुरुकुलम के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। उक्त जानकारी प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने दी। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। **नवागढ़ में आज से त्रिदिवसीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजनः** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाबचन्द पुष्प जन्म शताब्दी महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत 21 से 23 अक्टूबर तक त्रिदिवसीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन ब्र. जय निशांत भैया जी, डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत के निर्देशन में किया जा रहा है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ सुनील संचय ललितपुर ने बताया कि संगोष्ठी में 35 विद्वानों को आमंत्रित किया गया है जो तीन दिन में अपने-अपने शोधालेख प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी का शुभारंभ 21 अक्टूबर को विधिवत रूप से किया जाएगा।

# मालवीय नगर संभाग द्वारा भव्य धार्मिक यात्रा




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग की भव्य धार्मिक यात्रा निर्विघ्न, आनंदपूर्वक सम्पन्न हुई। मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि प्रातः 9 बजे समाज श्रेष्ठि, शिरोमणी संरक्षक, पूर्व अध्यक्ष दिगम्बर जैन महासमिति,राजस्थान अंचल उत्तम कुमार -सरोज देवी पांड्या द्वारा ध्वजा दिखाकर बस को रवाना किया गया। बस में 'मेरी भावना',अन्य पाठ,तथा भजन आदि गा कर सभी सदस्य भावविभोर होते रहे। मंत्री विजय कासलीवाल द्वारा मनोरंजन के लिए जादुई करतब दिखाए गए एवं महासमिति के भावी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। कोषाध्यक्ष अरुण काला, ई-ब्लॉक इकाई अध्यक्ष रविन्द्र बिलाला ने सभी धार्मिक बंधुओं को नाश्ते के पैकेट वितरित किये। ज्ञानसागर जी महाराज की जन्मस्थली-राणोली मंदिर की भव्य प्राचीन प्रतिमाओं, मानस्तम्भ के दर्शन करने के पश्चात श्री दिगम्बर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र रेवासा में अतिप्राचीन, अदभुत एवं अतिशययुक्त जिनमंदिरों के दर्शन किये गए। रेवासा में श्री सुमतिनाथ विधान पूजन, झंडारोहण,अभिषेक,शांतिधारा आदि सभी धार्मिक गतिविधियों में यात्रियों ने भरपूर आनंद उठाया। उत्तम कुमार पांड्या-श्रीमती सरोज देवी पांड्या का जन्मदिवस पर साफा, तिलक, माल्यार्पण कर स्वागत -सम्मान किया गया। प्रचार-प्रसार मंत्री,राजस्थान अंचल अनिल कुमार जैन ने बताया कि सायंकालीन भोजन व आरती करने के पश्चात जयपुर के लिए प्रस्थान किया गया। सभी सदस्यों ने इस एक दिवसीय यात्रा का भरपूर धार्मिक लाभ उठाया ।



# श्रावक-श्राविकाओं ने की भगवान जिनेंद्र आराधना







## सेठी परिवार द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जिन सहस्त्रनाम महामंडल विधान का भाव्य शुभारंभ

**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

त्रिदिवसीय जिन सहस्त्रनाम महामंडल विधान का शुभारंभ भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ सी.ए. महेंद्र पटनी ने बताया कि सर्वप्रथम पं आनंद जैन शास्त्री, कोलकाता के मंत्रोच्चारण एवं मुखारविंद से सुरेश कुमार, नरेश कुमार सेठी परिवार द्वारा ध्वजारोहण कराया गया। तदोपरांत दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से गाजे बजे के साथ घटयात्रा का आयोजन किया गया। घटयात्रा प्रमुख मार्ग से होते हुए बछराज रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां संगीतकार रामकुमार जैन, भोपाल के मधुर गीतों के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया। रामकुमार शास्त्री ने अनेक गीत एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें ₹धन्य हो गया नगर लाडनूं शांतिनाथ को पाके जय जय कर मनाओ नगर लाडनूं आओ... भजन को लोगों ने खूब सारा। इस अवसर पर भगवान शांतिनाथ की सुरेश कुमार नरेश कुमार अतुल आलोक हर्षित सेठी परिवार कोलकाता द्वारा भगवान अजीतनाथ की शांति धारा बाबूलाल अशोक कुमार (के पी) मनोज पाटनी, कोलकाता एवं वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर की शांतिधारा गोरधन, महावीर प्रसाद पहाड़िया शिलांग को प्राप्त हुआ। सैकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर साक्षात प्रभु शांति धारा देखने व अनुमोदन का पुण्य प्राप्त किया तथा भक्ति भाव के साथ प्रभु आराधना कर पुण्यार्जन किया। जैन समाज के मंत्री विकास पांड्या साहित प्रबंध कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों आगंतुक प्रवासी श्रावक- श्राविकाओं का स्वागत व अभिनंदन किया। **सैकड़ो परिवार ने भक्ति भाव से हिस्सा लिया:** उपाध्यक्ष अशोक सेठी ने बताया कि दिगंबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर में गुवाहाटी, कोलकाता, शिलांग, जयपुर, दिल्ली, कूचबिहार, डीमापुर आदि विविध क्षेत्र से धनकुमार पाटनी, भागचंद कासलीवाल, पुखराज बड़जात्या सरावगी, शांतिलाल पाटनी, कोलकाता, वीरेंद्र सरावगी, वीरेंद्र पांड्या, संजय जैन जयपुर, ओमप्रकाश जैन गुवाहाटी, प्रदीप चूड़ीवाल जयपुर, संजय पटनी, कोलकाता आदि सैकड़ो परिवार ने अनुष्ठान में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।







# दो दिवसीय आचार्य सौरभ सागर का 53 वां अवतरण महोत्सव शनिवार से

## शाम : 6.30 बजे दिव्यांगों द्वारा भव्य प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भट्टारक जी की नसिया में चल रहे 256 स्वतंत्र महामंडलीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के अंतर्गत शनिवार से दो दिवसीय आचार्य सौरभ सागर महाराज का 53 वां अवतरण दिवस समारोह मनाया जायेगा, इस आयोजन में जयपुर सहित दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ, हिसार, गुरुग्राम, हिसार, फरीदाबाद, आगरा, ग्वालियर, जसपुर, इंदौर, भोपाल, कोटा, भरतपुर, टोंक, दौसा इत्यादि विभिन्न शहरों और विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित होगे। शनिवार को प्रथम दिन मुख्य आयोजन जीवन आशा हॉस्पिटल से निशुल्क इलाज प्राप्त करने वाले दिव्यांगो द्वारा भव्य प्रस्तुति का आयोजन इंडियास गोट टेलेंट और आमेरिका गोट टेलेंट की तरफ से शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। गौरवाध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद वालों ने बताया की आचार्य श्री का 53 वां अवतरण दिवस समारोह रविवार को मनाया जायेगा। इस आयोजन की शुरूवात प्रातः 6.30 बजे श्रीजी के कलशाभिषेक और शांतिधारा के साथ होगी। इसमें मुख्य रूप से 53 श्रद्धालुओं द्वारा वृहद शांतिधारा की जाएगी और जिनेन्द्र प्रभु से आचार्य श्री की मंगलकामना की प्रार्थना की जाएगी। इसके पश्चात विधान पूजन प्रारंभ होगा। पूजन के दौरान अवतरण दिवस समारोह मनाया जायेगा। इस दौरान निर्धन और जरूरतमंद बच्चों को भोजन करवाया जायेगा, वस्त्र बांटे जाएंगे, कार्यक्रम स्थल पर 53 श्रद्धालु परिवार शास्त्र भेंट करेंगे सहित मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रवज्जलन, बालक और बालिकाओं द्वारा धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किए जायेंगे। सौरभ सागर सेवा समिति और जीवन आशा हॉस्पिटल समिति द्वारा 500 से अधिक ट्रस्टीयों की संगोष्ठी का आयोजन होने के साथ 5300 दीपों से आचार्य सौरभ सागर महाराज की मंगल आरती का आयोजन सहित संध्याकालीन सत्र में शाम 6 बजे से सांस्कृतिक एवं भजन - भक्ति सहित एक शाम गुरुवर के नाम जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रविवार के आयोजन में शहर की विभिन्न कॉलोनियों से बस व्यवस्था का आयोजन भी रखा है, करीबन 100 से अधिक बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आचार्य श्री का अवतरण दिवस मनाएंगे। अध्यक्ष आलोक



जैन तिजारिया ने बताया की आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य और पंडित संदीप जैन सजल के निर्देशन में शुक्रवार को प्रातः 6.30 बजे श्रीजी की जिन बिम्ब प्रतिमाओं का स्वर्ण एवं रजत कलशों से कल्षाभिषेक किए गए एवं विश्व में शांति की कामना के साथ आचार्य श्री के मुखारविंद वृहद शांतिधारा की गई। इसके पश्चात नित्य नियम पूजन कर विधान पूजन प्रारंभ किया गया और भजन, भक्ति और जयकारों के गुणगान के साथ शुक्रवार को कुल 128 अर्घ चढ़ाए गए। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण बोर्ड, राजस्थान सरकार की अध्यक्षा अर्चना शर्मा, जोहरी बाजार महिला मंडल अध्यक्ष डॉ शीला जैन, मंत्री पुष्पा सोगानी सहित विभिन्न गणमान्य श्रेष्ठियों ने भी भाग लिया और गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातः 8.30 बजे आचार्य श्री ने धर्म सभा को संबोधित किया और शाम 6 बजे से श्रीजी की आरती, आचार्य सौरभ सागर महाराज की आरती के पश्चात आचार्य श्री के सानिध्य में शंका समाधान और आनंद यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ।

### सभी प्रकार के कष्टों का निवारक है सिद्धचक्र विधान : आचार्य सौरभ सागर

अपने संबोधन में शुक्रवार को आचार्य श्री ने कहा कि ''सिद्धचक्र विधान में कई विधानों का समावेश है जिसके अंतर्गत विधान में पांचवी पूजा की गई और पांचवी पूजन कषाय निग्रह, शांति विधान के रूप में की जाती है। जिसमें कर्मों के आने के 108 द्वारों को जिनके द्वारा आत्मा भव भव में भटक रही है उन द्वारों से शांति मिले जिसमें क्रोध, मान, माया, लोभ के साथ मन, वचन, काय करने वाला, कराने वाला एवं उनकी अनुमोदना करने वाला सभी से शांति की कामना की जाती है।'' पूज्य आचार्यश्री ने कहा कि ''सिद्धचक्र विधान की आराधना जब मैना सुंदरी ने की और सिद्धों का ध्यान करते हुए पवित्र गंधोदक जब उसने अपने पति श्रीपाल सहित 700 कोढ़ीयों के तन पर छिड़का तब उनका भयंकर कोड रोग भी शांत हो गया।''

# मलेशिया जाएंगे कॉमरेड मुकेश गालव

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**



सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के महामंत्री एवं हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड मुकेश गालव राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) द्वारा एशिया पेसिफिक आक्यूपेशनल सेफ्टी एवं हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन की मलेशिया में 22 से 26 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाली कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करेगें। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस कांफ्रेंस एशिया पेसिफिक क्षेत्र के 21 देशों के प्रतिनिधि भाग लेकर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषय पर परिचर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय पारित करेगें। विशेष रूप से कांफ्रेंस में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित संकल्प, मेनेजमेंट, बचाव के उपाय मानसिक स्वास्थ्य, मानवीय दृष्टिकोण, औद्योगिक स्वच्छता, कॉन्टेक्टर एवं केमीकल मेनेजमेंट, व्यवहार आधारित सुरक्षा एवं सुरक्षा का परिदृश्यए औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु सक्षमता एवं प्रशिक्षणए भविष्य की चुनौतिया प्रर्यावरणीय स्वास्थ्य आदि विषयों पर गहन मंथन कर भविष्य की रूपरेखा तैयार की जायेगी. कॉमरेड मुकेश गालव कोटा से 21 अक्टूबर 2023 को 12903 स्वर्ण मन्दिर मेल से दिल्ली हेतु प्रस्थान करेगें जहां से वह हवाई मार्ग द्वारा मलेशिया जाएंगे।

## यूनियन कार्यकर्ता करेंगे गालव का स्वागत

यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि सोमवार को 2903 डाउन स्वर्ण मंदिर मेल से कोटा से दिल्ली की ओर जाते समय गंगापुर सिटी में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री कामरेड मुकेश गालव का गंगापुर सिटी में भव्य स्वागत किया जाएगा।







## अन्तर्मना आचार्यश्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से....

**उदगाव, कोल्हापुर. शाबाश इंडिया**

**लोग गाँव उजाड़ कर शहर तलाश रहे हैं..**
**एक हाथ में कुल्हाड़ी और वृक्ष से छाव मांग रहे हैं..!**



एक युवक - धर्म की खोज करते करते, सन्त के सत्संग में पहुँच गया। सन्त से पूछता है, कौन सा धर्म करूँ- ? सन्त ने कहा - गीता को पढ़ो। एक पादरी से पूछा - पादरी ने कहा बाइबल पढ़ो। मौलवी के पास गया, उन्होंने कहा कुरान पढ़ो। मेरे पास आया, हमसे पूछा - ? कौन सा धर्म करूँ हमने कहा - मानवीय कर्तव्य को करो। क्योंकि कर्तव्य मेव धर्मा। कर्तव्य का पालन करना ही धर्म है। आज हर मजहब अपने अपने धर्म के नाम पर सम्प्रदाय और पंथ थोप रहा है, जो वास्तविक धर्म नहीं है। आज हमारे देश को हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, इसाई और जैन की आवश्यकता नहीं है। आज देश को एक नेक इन्सान की आवश्यकता है। आज देश में सिर्फ नेक इन्सान की कमी है।यदि देश और राष्ट्र को उन्नत-समुन्नत बनाना है, तो हिन्दू मुसलमान के आत्मघाती लेबलों को उतार फेंकना होगा। क्योंकि धर्म - मन्दिर, मस्जिद, गिरजा और गुरूद्वारे में नहीं अपितु इन्सान के मन में है। मन्दिर, मस्जिद धर्म के साधन तो हो सकते हैं, लेकिन साध्य नहीं। साध्य तो मनुष्य का मन है। जब धर्म मन में बसता है तो दुश्मन भी मित्र जैसा दिखता है। जब मन से धर्म निकल जाता है तो बाप की हत्या करने में नहीं हिचकते हैं। जो प्रेम, दया, परोपकार, सेवा, मैत्री के गुणों से भरा हो, वही नेक इन्सान है। आप सोचो क्या हो - ? वैसे भी आज के जम ने में, बिना मतलब के कोई भी बात नहीं करता, तो साथ और सहयोग क्या देंगे। इसलिए ज्यादा उम्मीद मत करना अपनों से, जिनसे जितना लगाव होता है वो ही सबसे गहरा घाव देता है...!

नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# वीरा सरिता कुकड़ा ने ली वीरा अभिलाषा के चेयरपर्सन की शपथ






**सूरत. शाबाश इंडिया**


महावीर इंटरनेशनल सूरत वीरा अभिलाषा का पद हस्तांतरण कार्यक्रम सूरत के कारगिल चौक स्थित क्रिस्टल बेंक्वेट हॉल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी, वीर संदीप डांगी, गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर संतोष नाहर , गुजरात जोन के जोन चेयरमैन वीर विनोद संकलेचा, जोन सेक्रेटरी वीर भरत संघवी, समाजसेवी जयंती कुकड़ा, सूरत एम आई मुख्य शाखा के चेयरमैन वीर अनिल बरड़िया, डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट के फाउंडर पद्मश्री कनु भाई टेलर, फोस्टा अध्यक्ष कैलाश हाकिम, तेरापंथ समाज के नानालाल राठौड़ आदि महानुभावों की उपस्थिति रही। महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा के चेयरपर्सन और मंत्री पद के पिन हस्तांतरण एवं परम्परागत रूप से पदाधिकारियों को शपथ मेम्बरशिप एन्ड सेंटर डेवलोपमेन्ट के इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर सुरेंद्र मरोठी ने दिलवाई। वीरा अभिलाषा


> वीर संदीप डांगी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर केसे बने इस पर सभी का ध्यान केंद्रित किया तथा वीरा अभिलाषा के कार्यों की भुरी-भुरी अनुमोदना की...


की पूर्व चैयर पर्सन वीरा डा. अनामिका तलेसरा ने अपने कार्यकाल की डॉक्युमेंटरी प्रदर्शित की व सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया। नव मनोनित चैयर पर्सन वीरा श्रीमती सरिता कुकड़ा ने अपना स्वागत भाषण दिया ओर पूर्ण जोश के साथ प्रतिज्ञा की कि अपने दायित्वों का निर्वाह अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी के साथ करुंगी। चैयर पर्सन वीरा सरिता कुकड़ा ने पद हस्तांतरण के पहले लगभग 15 सेवकीय प्रवृतियां निर्धारित की है उसमें मुख्य सुकन्या योजना के अन्तर्गत कन्याओं के खाते खुलवाऐ उसकी पास बुके वितरित की गई तथा इसके साथ महिला स्वावलंबन हेतु सिलाई केन्द्र एवं अन्य योजनाओं हेतु मुख्य अतिथियों के द्वारा बैनर का लोकार्पण करवाया गया। वीर संदीप डांगी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर केसे बने इस पर सभी का ध्यान केंद्रित किया तथा वीरा अभिलाषा के कार्यों की भुरी भुरी अनुमोदना की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शशि डांगी एवं राज श्री बांठिया ने किया। महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा जरूरतमंद महिलाओं के आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन योजना के गतिमान करने का लक्ष्य रखेगी। सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त सचिव कविता दक ने किया। इस अवसर पर संगठन की कोषाध्यक्ष वीरा प्रेमा लोसर सहित अनेक विराएं मौजूद थी।


## दिगम्बर जैन महासमिति
### राजस्थान अंचल, जयपुर

दशलक्षण पर्व -2023







सामाजिक एवं धार्मिक सांस्कृतिक
कार्यक्रमों/झांकियों एवं ग्रीष्मकालीन
धार्मिक शिक्षण शिविर के शिक्षकों का सम्मान

## पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह

रविवार, दिनांक- 22 अक्टूबर, 2023 । समय- दोपहर 12.30 बजे से

स्थान- आदिनाथ भवन, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

विशेष आकर्षण
हाऊजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम
लक्की ड्रा सौन्जयकर्ता–
श्रीमती मन्जू पूरी छाबड़ा

साधर्मी बन्धुओं, जय जिनेन्द्र,

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के तत्वावधान में पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व पर विभिन्न मंदिरों में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं धूपदशमी पर सजाई गई झांकियों का श्रेष्ठता के आधार पर सम्मानित किया जायेगा।

साथ ही वर्ष 2023 के ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर में नि:स्वार्थ सेवा देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा।

इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री 108 जिनानन्द जी महाराज, सर्वानन्द जी महाराज एवं पुण्यानन्द जी महाराज का सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप सादर आमंत्रित है।

मुख्य अतिथि - श्री अशोक जी बड़जात्या, राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिगम्बर जैन महासमिति
द्वीप प्रज्ज्वलनकर्ता - श्रीमती मृदुला पांडया - श्री सुरेन्द्र जैन पांडया , राष्ट्रीय महामंत्री, दिगम्बर जैन महासमिति
चित्र अनावरणकर्ता - श्रीमती उषा जी - श्री विजय जैन वैद, श्रीमती सुशीला जी - श्री पद्म जी वैद
पुरस्कार वितरणकर्ता - श्रीमती शशि - श्री सुरेश जी सोगाणी, महावीर नगर
पुरस्कार वितरणकर्ता - श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन - श्री अशोक जी जैन बड़जात्या, मानसरोवर
शास्त्र जी भेटकर्ता - श्रीमती शशि शाह - श्री भागचंद जी शाह

### समारोह में दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

श्री नवीन सेन जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
श्री मनीष वैद, राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ मंत्री
डॉ. विनोद जैन शाह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
डॉ. राजेन्द्र जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री निर्मल संघी, राष्ट्रीय मेडिकल संयोजक

-: निवेदक :-

अनिल कुमार जैन, अध्यक्ष
उत्तम कुमार पाण्डया, निवर्तमान अध्यक्ष
रमेश चन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष
डॉ. णमोकार जैन, मुख्य संयोजक
महावीर जैन बाकलीवाल, महामंत्री

सुधीर कुमार जैन, कार्याध्यक्ष
सुरेन्द्र मोहन जैन, कार्याध्यक्ष
सुरेश जैन बांदीकुई, कार्याध्यक्ष
राजेन्द्र के. शाह, कार्याध्यक्ष
पवन जैन पाण्डया, युवा प्रकोष्ठ मंत्री
श्रीमती शंकुतला जैन, महिला प्रकोष्ठ मंत्री

अशोक लुहाड़िया, समन्वयक
शांति जैन काला, समन्वयक
श्रीमती सुनीता गंगवाल, संयोजक
श्रीमती उर्मिला जैन, संयोजक
श्रीमती मधु पाण्ड्या, संयोजक
श्रीमती अलका सेठी, संयोजक
श्रीमती शीला सेठी, संयोजक

एवं समस्त कार्यकारिणी, सदस्यगण दिगम्बर जैन महासमिति, राजस्थान अंचल, जयपुर

# प्रताप गौरव केन्द्रः दुर्गानवमी पर होगा दुर्गा सप्तशती यज्ञ

## नियमित हो रहा है दुर्गा सप्तशती का पाठ

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

शहर के समीप राष्ट्रीय तीर्थ प्रताप गौरव केंद्र स्थित भक्ति धाम में विराजित चामुण्डा माता के समक्ष नियमित दुर्गा सप्तशती का पाठ हो रहा है। बता दें, नवरात्रि स्थापना के साथ ही प्रतिवर्ष की परम्परानुसार शुरू हुआ यह पाठ नवरात्रि समापन तक चलेगा और दुर्गानवमी पर दुर्गा सप्तशती यज्ञ भी किया जाएगा। प्रताप गौरव केन्द्र निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि दुर्गानवमी पर 23 अक्टूबर को प्रातः वेला में दुर्गा सप्तशती यज्ञ में दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोकों पर आहुतियां अर्पित की जाएंगी। पं. योगेश श्रीमाली के पौरोहित्य में मुख्य जजमान अशोक पुरोहित विधि-विधान से दुर्गा सप्तशती यज्ञ करेंगे। उन्होंने बताया कि यह यज्ञ विश्व शांति, भारत की प्रगति, भारत की सशक्तता की कामना को लेकर किया जा रहा है। इस अवसर पर नौ कन्याओं व एक बटुक का परम्परानुसार विधिवत पूजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शास्त्रों में नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व माना गया है। सक्सेना ने बताया कि नवरात्रि में नियमित रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ पं. हिम्मत गर्ग कर रहे हैं। भक्तिधाम में नियमित रूप से सेवा-अर्चना होती है और क्षेत्रवासी सुबह-शाम दर्शन व आरती में सम्मिलित होते हैं।

**रिपोर्ट : योवंतराज माहेश्वरी**





## अरिहंत की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नॉर्दर्न रीजन द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में आज यूनिवर्स ने पहले बैटिंग करते हुए शानदार 114 रन बनाए उसके जवाब में अरिहंत ने बिना विकेट खोए 115 रन बनाए भावित नेशानदार 66 रन बनाए, नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन महेंद्र जी गिरधरवाल व विनोद जैन ने मैन ऑफ द मैच को पुरस्कार दिया।

## हर्षित शर्मा व अल्फेज ने स्कूल स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**कोटा. शाबाश इंडिया।** 67 वी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 19 अक्टूबर को विध्या भारती पब्लिक स्कूल सीकर में आयोजित किया गया। कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकेडमी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर 17 व अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकेडमी ने 2 गोल्ड मेडल,4 सिल्वर,4 ब्रोंज मेडल जीते। हर्षित शर्मा, अल्फेज गोल्ड मेडल, राजकुमार राठौर,देवराज बंसल,चंचल, समीर सिल्वर मेडल,व प्रशस्त श्रीवास्तव,विक्रम, जयेश, साफि या ने ब्रांज मेडल हासिल किए। कोटा पहुँचने पर सभी खिलाड़ियों का श्रीनाथपुरम स्टेडियम में माला पहनाकर स्वागत किया। कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकैडमी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मेडल ना सिर्फ.खिलाड़ियों की जीत का प्रतीक है बल्कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीतने के बाद उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। इस अवसर पर अभिषेक कुमार, विपिन भाटी व डीके शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## रिजनेबेल तथा फिक्स्ड मेकिंग चार्जेज के कारण सोजतिया ज्वैलर्स बना ग्राहकों की पहली पसंद सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** सोजतिया ज्वेलर्स रीजनेबल तथा फिक्स्ड मेकिंग चार्जेज के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है। निदेशक रीना सोजतिया ने बताया कि ज्वैलर्स पर उपलब्ध हजारों आभूषणों का मेकिंग चार्ज का निर्धारण बहुत ही सावधानी पूर्वक निमार्णी लागत तथा उचित लाभ को जोड़कर किया गया है। इसी कारण अब ग्राहकों को मेकिंग चार्जेज के लिए बारगेनिंग नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि 916 हॉलमार्क ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज 916 सोने की रेट पर ही लगाया जाता है, इससे निश्चित ही ग्राहकों का फायदा है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों की एडवांस बुकिंग भी शोरूम पर हो रही है। उन्होंने दावा किया कि भारत के विश्वसनीय रिटेल ज्वेलर्स पुरस्कार से सम्मानित सोजतिया ज्वेलर्स पर हर बजट के लिए ज्वेलरी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि भारत में सोना विनियोग, स्टेटस सिंबल और इमोशंस के साथ ही स्त्री धन के रूप में भी खरीदा जाता है। उन्होंने कहा कि सोजतिया ज्वेलर्स पर नवरात्रि, धनतेरस तथा आगामी शादियों के सीजन को देखते हुए सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट के दौरान अच्छी ग्राहकी देखी जा सकती है।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर द्वारा प्राचीन तीर्थों के लिए धनराशि एकत्र की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर द्वारा प्राचीन तीर्थों के लिए धनराशि एकत्र कर भेजा। ग्रुप अध्यक्ष डॉक्टर एम एल जैन मणि ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर द्वारा प्रतिवर्ष प्राचीन तीर्थों के जीर्णोद्धार के लिए सदस्यों व अन्य साधर्मी बन्धओं से दान एकत्रित कर तीर्थसंरक्षिणी महासभा,लखनऊ को भेजा जाता है। इस क्रम में इस वर्ष 47400/- रुपए भेजे गये । इस कार्य में तीर्थंकर ग्रुप की प्रथम महिला डां शान्ति जैन ''मणि'' एवं श्रीमति वर्षा अजमेरा द्वारा विशेष सहयोग किया गया। ग्रुप अध्यक्ष डां.एम.एल जैन ''मणि'' ने इस नेक कार्य के लिए सभी दानदाताओं एवं संयोजकों का आभार व्यक्त किया।